2021

HINDI

[HONOURS]

Paper : V

Full Marks : 100 Time : 4 Hours

The figures in the right-hand margin indicate marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×8=16

a) शमशेर के दों काव्य संकलनों के नाम लिखिए।

b) 'झरना' किसका काव्य-संग्रह है ? इसका प्रकाशन वर्ष क्या है ?

c) 'रोटी और संसद' कविता में पहला और दूसरा आदमी कौन-कौन है ?

d) 'थामा' काव्यकृति किसकी रचना है ? इसके लिए रचनाकार को कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

e) मुक्तिबोध के दो कविता-संग्रहों के नाम लिखिए।

f) नागार्जुन का असली नाम क्या है ? उनके किसी एक काव्य-संग्रह का नाम लिखिए।

g) बिम्ब का अर्थ बताइए।

h) प्रतीक का अर्थ बताइए।

i) 'साकेत' किस कवि की रचना है ? साकेत का क्या अर्थ है ?

j) 'कामायनी' की दो नारी-पात्र के नाम लिखिए।

k) 'अज्ञेय' का जन्म और मृत्यु वर्ष लिखिए।

l) प्रसाद की दो ऐतिहासिक कविताओं के नाम लिखिए।

m) प्रसाद की दो लम्वो कविताओ के नाम लिखिए।

n) 'अंधेरे में' और 'संसद से सड़क तक' के रचनाकारों के नाम लिखिए।

2. किन्हीं **तीन** अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 6×3=18

a) अरे वर्ष के हर्ष
बरस तू बरस-बरस रसधार !
पार ले चल तू मुझको,
बहा, दिखा मुझको भी निज
गर्जन-भैरब-संसार

b) असंख्य कीर्ति-रश्मियाँ
विकीर्ण दिव्य दाह-सी ॥
सपूत मातृभूमि के-
रूको न शूर साहसी !

c) ये उपमान मैले हो गए हैं ।
देवता इन प्रतीकों के कर गए हैं कूच
कमी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है ।

d) "बहुत दिनों के बाद
अबकी मैंजे जी भर भोगे
गंध-रूप-रस-शब्द-स्पर्श
सब साथ-साथ इस भू पर
- बहुत दिनों के बाद।"

e) विस्तृत नभ का कोई कोना ।
मेरा न कभी अपना होना ।।
परिचय इतना, इतिहास यही ।
उमड़ी कल थी, मिट आज चली ।।

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×3=18

a) निराला की प्रगतिशील-चेतना पर विचार कीजिए ।

b) 'यह दीप अकेला' कविता की समीक्षा कीजिए ।

c) 'बादल राग-(1)' कविता का मूल्यांकन कीजिए ।

d) 'बादल को घिरते देखा है' कविता के काव्य-सौष्ठव पर विचार कीजिए ।

e) नागार्जुन के काव्य में निहित 'प्रकृति चेतना' पर प्रकाश डालिए।

4. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×4=48

a) शमशेर बहादुर सिंह की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

b) पंत के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

c) पठित कविताओं के आधार पर धूमिल की भाषा पर विचार कीजिए ।

d) पठित कविताओं के आधार पर महादेवी वर्मा की रहस्यवादी काव्य-चेतना का मूल्यांकन कीजिए ।

e) अज्ञेय की कविताओं के प्रयोगशील तत्त्वों का विवेचन कीजिए ।

f) उर्मिला की चारित्रिक विशेषताओं पर विचार कीजिए ।